तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 19.2 डिग्री


4

नेशनल लोक अदालत में 29 खंडपीठों में हुई सुनवाई, 6806 लंबित प्रकरणों का निराकरण




खबर संक्षेप

### जिला कोषालय में 18 को लगेगा शिविर

**जशपुरनगर।** महालेखाकार रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 18 मार्च को जिला कोषालय में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के सामान्य भविष्य निधि के ऋणात्मक शेषए फूलवांटए पार्टवांटए मिशिंग क्रेडिटए सेवानिवृत्त एवं मृतक कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी ने जिले के सभी कर्मचारियों को सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि में शिविर में उपस्थित होने के लिए अपील किए हैं।

### विधानसभा घेराव में शामिल होने जिले से जाएंगी महिला कार्यकर्ता

**जशपुरनगर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। इसी कड़ी में 17 मार्च को रायपुर में विधानसभा घेराव किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन को लेकर जशपुर जिले में भी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी रायपुर पहुंचकर इस प्रदर्शन में शामिल होंगे। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्यारी कुजूर के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की टीम इस आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएगी। उनके साथ सफीरा टोप्पो, उर्मिला भगत, जसिंता लकड़ा, कुनकुरी नगर पंचायत की महिला ब्लॉक अध्यक्ष अल्मा लकड़ा और अंजना सहित अन्य महिला कार्यकर्ता भी रायपुर जाएंगी।

### कुनकुरी में 17 और पत्थलगांव में 18 को प्लेसमेंट कैम्प

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 17 मार्च को आईटीआई कुनकुरी तथा 18 मार्च को आईटीआई पत्थलगांव में प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में श्रमिन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड नोएडा ;ओपीद्ध संस्था द्वारा विद्युत मीटर तकनीशियन के लगभग 150 पदों के लिए भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए 10वींए 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 15 हजार से 18 हजार रुपए तक मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि को प्रातः 11:30 बजे संबंधित स्थान पर उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेना होगा। अभ्यर्थियों को अपने साथ सभी मूल प्रमाण पत्रए आधार कार्डए पैन कार्ड तथा पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। जिला रोजगार कार्यालय ने जिले के योग्य एवं इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेकर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाएं।

### फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कर रहे थे परिवहन गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** फर्जी नंबर प्लेट लगाकर धान उठाव में लगे ट्रक को पुलिस ने जब्त करने के साथ ही चालक को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में पुलिस द्वारा मुख्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि लखनपुर खाद्य निरीक्षक सतपाल सिंह कंवर ने पुलिस से शिकायत की थी कि वाहन क्रमांक सीजी 07 बीएस 0366 के दो ट्रक अलग अलग क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे है। राज्य स्तरीय इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से इस संबंध में अलर्ट मैसेज आया था। ट्रक को धान उठाव व परिवहन कार्य के लिए किराए पर लगाया गया है। सूचना के बाद पुलिस ने चालक राम मानिकपुरी से वाहन के दस्तावेज मांगे गए लेकिन वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका जिसके बाद वाहन को जब्त कर आरटीओ से जानकारी मांगी गई जिसमें यह पता चला कि उक्त वाहन में फर्जी नम्बर प्लेट लगाया गया है।

## ज्वाइंट डायरेक्टर ने तीन दिनों का दिया समय

# सिविल अस्पताल मामले में सीएमएचओ देंगे रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

खबर का असर

कार में शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत के बाद सिविल अस्पताल में डाक्टर या नर्स नहीं मिलने के मामले में ज्वाइंट डायरेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तीन दिनों का समय देते हुए जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है।

बता दें कि गत दिवस शिक्षक कार्तिकेश्वर निषाद की कार में हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। मौत के बाद उन्हें सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां अस्पताल के गेट के पास परिजन घण्टो तक डाक्टर और नर्स ढूंढते रहे। सूचना पटल खाली था। वहां पर ड्यूटी में कोई डाक्टर नहीं था। अस्पताल में कोई अटेंडर भी मौजूद नही था। कुछ देर बाद एक डॉक्टर ने मेरी ड्यूटी का समय खत्म हो चुका है कहकर पल्ला झाड़ लिया था। इस दौरान वहां काफी गहमागहमी के बाद दूसरे डाक्टर ने शिक्षक की मौत की पुष्टि की। इस संबंध में हरिभूमि में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए ज्वाइंट डायरेक्टर अनिल शुक्ला ने जशपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोटिस थमाते हुए जांच प्रतिवेदन 3 दिवस में प्रस्तुत करने कहा गया है।



शिक्षक की हार्टअटैक से मौत के बाद सिविल अस्पताल में भटकते रहे परिजन

गेट पर नहीं मिला कोई

ड्यूटी पर कौन पता नहीं चलता

नहीं मिलती जानकारी

### दिया गया है नोटिस

सिविल अस्पताल पत्थलगांव की ब्यवस्था के संबंध में अखबार के माध्यम से जानकारी मिली है। उसे महत्वपूर्ण मानते हुए जशपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोटिस देकर 3 दिवस में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है।

-अनिल शुक्ला, ज्वाइंट डायरेक्टर, सरगुजा

### जनता किससे करे उम्मीद

किसी डाक्टर के द्वारा ये कहना आम जन मानस को झकझोर रहा है। कि कैसे कोई डॉक्टर अपनी जिम्मेदारी से मुकर सकता है। ड्यूटी चार्ट में जिस डॉक्टर का नाम था, उन्होंने कहा कि वे ड्यूटी पर नहीं हैं और वहां ड्यूटी कर रहीं डॉक्टर ने ये कह दिया कि मेरी ड्यूटी खत्म हो गई है। आम जन अपनी जान बचाने अस्पताल जाएं तो उन्मीद किससे करें कैसे करें। इतना सब होने के बाद भी जिस तरह पत्थलगांव से लेकर जशपुर तक के स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन का रवैया था उससे आम जन को किसी तरह की कोई जांच कार्रवाई की उन्मीद नही दिख रही थी, लेकिन खबर प्रकाशन के बाद विभागीय अधिकारी हरकत में आए और मामले में रिपोर्ट मांगी है।

### सीएमएचओ ने बीएमओ को जांच के दिए निर्देश

मामले में प्राप्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने खंड चिकित्सा अधिकारी पत्थलगांव को पूरे प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि अस्पतालों में मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने तस्करों से छुड़ाए 15 गौवंश नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस की सख्ती का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 15 नग गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। इस दौरान एक विधि से संघर्षरत बालक सहित पांच गौ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

दरअसल, 14 मार्च को डीआईजी व एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने स्वयं पुलिस बल के साथ गौ तस्करी के संभावित रास्तों पर सर्च अभियान चलाया था। साथ ही कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और गौ तस्करी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की थी। पुलिस की इस पहल का असर जल्द ही देखने को मिला और ग्रामीणों की सूचना पर तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई।

### हाथीसार के जंगल से 12 गौवंश मुक्त

पुलिस को 15 मार्च को सूचना मिली कि कुछ तस्कर ग्राम हाथीसार के जंगल रास्ते से गौवंशों को पैदल हांककर मारते-पीटते हुए झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस की टीम ने जंगल में घेराबंदी कर कार्रवाई की और 12 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया।

### मौके से पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा

पकड़े गए आरोपियों में असरफुल कादरी उम्र 23 वर्ष निवासी गोविंदपुर, झारखंड, शरीफ अंसारी उम्र 23 वर्ष निवासी डढ़गांव चौकी मनोरा जशपुर और एक 17 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं। आरोपियों के पास गौवंश से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के तहत अपराध दर्ज कर दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## जशपुर में भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सम्मेलन

■ सरकारी योजनाओं व स्वास्थ्य सुविधाओं की दी गई जानकारी

**जशपुरनगर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जशपुर में सोमवार को भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का मासिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों को केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्रदान करना तथा उनसे सुझाव प्राप्त करना था।

कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) पीके ठाकुर एवं कल्याण संयोजक हेमंत कुमार सार्वा ने उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को शासन द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिकों के लिए पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा सहायता, पुनर्वास योजनाएं तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनका लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। सम्मेलन के दौरान भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों से विभिन्न मुद्दों पर सुझाव भी लिए गए। कई सैनिकों ने स्वास्थ्य सुविधाओं, दस्तावेजी प्रक्रिया और योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित अपने अनुभव साझा किए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक पहल की जाएगी ताकि सैनिकों और उनके परिवारों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक पॉलीक्लिनिक के प्रभारी लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) नरेश चन्द्रा, दंत चिकित्सक डॉ. प्रदीप यादव तथा डॉ. मयंक श्रीवास्तव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। चिकित्सा विशेषज्ञों ने भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित जांच, उपचार सुविधाओं तथा पॉलीक्लिनिक में मिलने वाली चिकित्सा सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार हुए सम्मिलित

सम्मेलन में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया और विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने सभी उपस्थित लोगों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा अन्य पात्र सैनिक परिवारों को भी इसकी जानकारी देने का आग्रह किया।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग को भगाया, बिहार से आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** सोशल मीडिया के माध्यम से हुई दोस्ती के बाद एक युवक ने 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा को प्यार और शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा लिया और बिहार ले जाकर उसका शारीरिक शोषण किया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए जशपुर पुलिस ने बिहार पहुंचकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया तथा नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह मामला थाना नारायणपुर क्षेत्र के एक ग्राम का है। इस मामले में बिहार निवासी अविनाश कुमार साहनी उम्र 21 वर्ष के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2), 87, 61(2), 96 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5 व 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पीड़िता के कथन के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 87, 61(2), 96 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5 और 6 जोड़ते हुए नाबालिग का मेडिकल परीक्षण कराया।

## कायस्थ महिला समाज ने मनाया महिला दिवस

■ बुजुर्ग महिलाओं का किया गया सम्मानित

**जशपुरनगर।** कायस्थ महिला समाज द्वारा सोमवार को चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कायस्थ समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे आयोजन को उत्साह और उमंग से भर दिया।



कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर लता श्रीवास्तव एवं डॉ. मधुलिका ने महिला शक्ति पर अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं को समाज में अपनी भूमिका और सशक्त भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। ज्योति श्रीवास्तव, जयंती सिन्हा, सुनीता सिन्हा, श्वेता अंबष्ट, अंशु वर्मा और पंखुड़ी अंबष्ट ने अपने मोहक नृत्य से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं ममता सिन्हा और नीलम वर्मा की स्वरचित कविताओं ने महिला शक्ति और कायस्थ महिला संगठन की भावना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान ज्योति श्रीवास्तव, स्वाति सिन्हा और स्मिता श्रीवास्तव ने मनोरंजक खेल, प्रश्नोत्तरी और पहेलियों के माध्यम से महिलाओं का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं प्रियांश श्रीवास्तव ने अपने चुटकुलों से सभी को खूब हंसाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समाज की बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान रहा। समाज की वरिष्ठ महिलाओं को श्रीफल एवं सुंदरकांड धार्मिक ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन ममता सिन्हा, जयंती सिन्हा और ज्योति श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से गरबा नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। इस सफल आयोजन में लता श्रीवास्तव, ⏭ शेष पेज 4 पर

## महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिल रहा आर्थिक संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना से महिलाओं को घरेलू जरूरतों की पूर्ति में सहूलियत मिल रही है और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं।



जिला जशपुर के ग्राम पुरनानगर की निवासी एनीमा खलखो ने बताया कि योजना के तहत मिलने वाली राशि उनके लिए काफी सहायक साबित हो रही है। वे इस राशि का उपयोग अपने बच्चे की पढ़ाई और पोषण से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में करती हैं। साथ ही घर की छोटी.मोटी जरूरतों को भी इसी राशि से पूरा कर लेती हैं। उन्होंने बताया कि वे हर माह अपने छोटे बच्चे के भविष्य के लिए 500 रुपये की बचत भी करती हैं।

श्रीमती एनीमा खलखो ने कहा कि महतारी वंदन योजना से उन्हें आर्थिक सहारा मिला है और अब वे स्वयं तय करती हैं कि इस राशि का उपयोग किस प्रकार करना है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत कर रही है।

# सभी राशन कार्डधारियों का ई केवाईसी किया जाना अनिवार्य



**जशपुरनगर।** भारत सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशन कार्डश योजना के अंतर्गत राज्य में सभी राशन कार्ड धारकों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के सभी राशन कार्ड धारियों का ई.केवाईसी कार्य समय.सीमा में पूर्ण कराया जाए। साथ ही कलेक्टर श्री व्यास ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि जिन पंजीकृत हितग्राहियों ने अब तक ई.केवाईसी नहीं कराया हैए वे भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अनिवार्य रूप से अपना ई.केवाईसी जल्द से जल्द पूरा कराएं।

जिला खाद्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 2ए66ए620 राशन कार्ड प्रचलित हैंए जिनमें 9ए23ए233 सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक 8ए16ए193 सदस्यों का ई.केवाईसी पूर्ण किया जा चुका हैए जबकि 1ए07ए040 सदस्यों का ई.केवाईसी किया जाना शेष है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ई.केवाईसी से छूट प्रदान की गई है। हितग्राहियों की सुविधा के लिए राज्य की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में संचालित मशीनों के माध्यम से ई.केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त हितग्राही मेरा ई.केवाईसी ऐप के माध्यम से भी स्वयं ई.केवाईसी कर सकते हैं। यह ऐप एंड्रॉयड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप में राज्य का चयन कर आधार नंबर दर्ज करने और ओटीपी सत्यापन के बाद फेस ई.केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

## एलपीजी टंकी के अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर हो सख्त कार्रवाई



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागए खाद्य विभागए मछली पालन विभागए समाज कल्याण विभागए महिला एवं बाल विकास विभाग सहित एनआरएलएम एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री अनिकेत अशोकए अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ श्रीमती प्रियंका रानी गुप्ता सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

खाद्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने राशन कार्ड धारकों के ई.केवाईसी कार्य को निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संदिग्ध राशन कार्डों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के को कहाए जिसमें जांचए डुप्लीकेट कार्ड निरस्त करना एवं अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाना शामिल है। साथ ही एलपीजी टंकी के अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर सख्त कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को उज्जवला योजना के तहत निर्धारित समय सीमा में गैस कनेक्शन प्रदान करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में कलेक्टर श्री व्यास ने ने आंगनबाड़ी भवनों के साथ ही शौचालयों के निर्माण कार्य समय.सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जनमन के तहत बन रहे आंगनबाड़ी भवनों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने को कहा। साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत बचे हुए ई.केवाईसी कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिएए ताकि इस योजना का लाभ लेने से कोई वंचित न हो। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में पेंशन योजना के हितग्राहियों का आधार सीडिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गएए ताकि सभी पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के लाभ मिल सके। इसके अलावा कलेक्टर ने सशक्त जशपुर अभियान के तहत शिविर आयोजित कर शत प्रतिशत दिव्यांजनों का यूडीआईडी कार्ड बनाने के निर्देश दिए। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने शासकीय तालाबों का नियमानुसार पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिएए जिससे जरूरतमंदों को रोजगार उपलब्ध हो सके। साथ ही एनएफडीबी के अंतर्गत मछुआ पालक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराने तथा उन्हें केसीसी योजना से जोड़कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा में कलेक्टर श्री व्यास ने स्व.सहायता समूहों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ानेए लंबित बैंक लिंकेज कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को ऋण वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।

## कुनकुरी में 5 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# गुणवत्ता के साथ जल्द कार्य पूरा करें: कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,द्वारा नगर पंचायत चुनाव के दौरान कुनकुरी नगर के विकास के लिए 5 करोड़ रुपये के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की घोषणा की गई थी। इन कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है l इन विकास कार्यों का भूमिपूजन मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय के द्वारा नगर पंचायत कुनकुरी परिसर में विधिवत रूप से किया गया। भूमि पूजन का कार्य पंडित प्रवीण पांडे के द्वारा संपन्न कराए गए l

भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित कौशल्या साय ने नगर पंचायत के अधिकारियों और इंजीनियरों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि नगर के विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और नगर पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए फंड की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।



### निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो

इस अवसर पर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र पात्रे ने नगर में संचालित विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा।

### हनुमान टेकरी उद्यान का निरीक्षण

कार्यक्रम के दौरान कौशल्या साय ने हनुमान टेकरी के समीप बन रहे गार्डन का निरीक्षण भी किया और कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। पार्षद अमन शर्मा ने मुख्यमंत्री का 5 करोड़ के विकास राशि देने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील, मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, दीपक हेडा, शिव गुप्ता, राहुल सिंह, अमन वर्मा,पार्षद अमन शर्मा, अमित मिश्रा,रोहित सिंह,शीतल बजाज, अनीता गुप्ता, सावित्री चौहान, गुलाबी पैंकरा, राजेश साव, अजीत किषपोट्टा, मुक्ति मिंज , निलकुमारी सहित नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, सफाई कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत गुमगरा कला में हुआ फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**लखनपुर।** ग्राम पंचायत गुमगरा कला में जनपद सदस्य प्रतिनिधि धर्मेन्द्र झारिया के मुख्य आतिथ्य और सरपंच प्रतिनिधि शिवप्रताप उरें के अध्यक्षता में फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। शुभारंभ मैच ग्राम पंचायत कुन्नी और नेवारडांड के मध्य खेला गया। जनपद सदस्य प्रतिनिधि झारिया ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दोनों टीम के खिलाड़ियों को अच्छे खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान राजन राम, गुड्डू सिंह, गोलू साहू, रमेश साहू, कपूर साहू, हाकिम सिंह, ईश्वर उरें, सुदामा साहू, अजीमल मरावी, सोनाखंड उरें,अरविंद राजवाड़े, रामचरित्र साहू, विजय इंदरवार, बाबा यादव, गुरु उरें, पुनित सिंह पैकरा, सुशील सिंह, मनोज सिंह, विक्कू यादव, कपिल देव सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री के सलाहकार से मुलाकात



**सूरजपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बृजलाल पटेल ने बताया कि प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. धीरेंद्र तिवारी से उनके शासकीय निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान एनएचएम कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और लंबित मांगों पर सकारात्मक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को रखते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने आश्वस्त किया कि सरकार कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील है और उनकी सभी जायज मांगों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। ज्ञात हो कि एनएचएम कर्मचारियों ने अनुकंपा नियुक्ति, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, स्थानांतरण नीति, नई मानव संसाधन नीति ग्रेड पे स्केल निर्धारण तथा नियमित भर्ती में अनुभव अंक सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 33 दिनों तक आंदोलन किया था, जो सरकार के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ था। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, बेमेतरा जिला अध्यक्ष पूरन दास, प्रदेश सलाहकार दिनेश खर्कवाल, दुर्ग जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा, मोहला-मानपुर जिलाध्यक्ष संतोष चंदेल, गरियाबंद जिलाध्यक्ष अमृत राव भोसले सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भैयाथान मस्जिद में हुआ इफ्तार कार्यक्रम



**भैयाथान।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को भैयाथान स्थित मस्जिद में जनपद उपाध्यक्ष राजू प्रताप सिंह द्वारा इफ्तार का कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम का मुस्लिम समाज द्वारा सराहना की। मुस्लिम समाज के सदर सहित सभी मुस्लिम समाज के लोगों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम निश्चित ही हमारी गंगा जमुना की ताजगीब की जिंदा रखे हुए है।

## जल जीवन मिशन की मोटर एक पखवाड़े से खराब

# पानी के लिए ग्रामीणों को करना पड़ रहा 5-6 किमी का लंबा सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

भीषण गर्मी में विकासखण्ड मुख्यालय में निवासरत लोगों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। शासकीय कर्मचारी हो या फिर स्थानीय नागरिक सुबह होते ही लोग पानी लाने की जुगत में जुड़ जाते हैं। हालत यह है पानी के लिए लोगों को 4-5 किमी तक का सफर करना पड़ रहा है तथा लोग पड़ोस की ग्राम पंचायतों से पानी लाने विवश हो गए हैं।

**खास बात**
- पानी के लिए तरस रहे विकासखण्ड मुख्यालय ओड़गी के लोग

गर्मी बढ़ने के साथ ही विकासखण्ड मुख्यालय ओड़गी के लोग भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। पानी की समस्या पिछले डेढ़ महीने से चल रही है लेकिन पिछले एक पखवाड़े से यह समस्या विकराल बन गई है तथा लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। पहाड़ी इलाका होने के कारण विकासखण्ड मुख्यालय में हैण्डपंप सफल है। क्षेत्र के लोगों ने अपनी सुविधा के लिए कुंआ बनवाया है लेकिन पेयजल संकट को देखते हुए स्वयं की जरूरत के लिए पानी को सुरक्षित रखे हैं तथा संकट का हवाला देकर कुंए से पानी भरने का विरोध कर रहे हैं। जलजीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पानी टंकी का निर्माण कर ग्राम पंचायत को सौंप दिया है। पूर्व में ग्राम पंचायत द्वारा अपनी सुविधा के अनुसार पानी की आपूर्ति की जा रही थी। देखरेख एवं नियंत्रण के अभाव में डेढ़ महीने पूर्व योजना की मोटर जलने के बाद पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। गर्मी बढ़ने के कारण अन्य जलस्त्रोत भी सूख गए हैं। ऐसे में लोगों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। विकासखण्ड मुख्यालय में सार्वजनिक उपयोग के लिए पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को पास के गांवों से पानी लाना पड़ रहा है। जल संकट का वरिष्ठ शासकीय अधिकारियों पर कोई असर नहीं है लेकिन छोटे शासकीय कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



बाइक से लम्बी दूरी तय कर पानी लेजाता ग्रामीण।

### बाइक, सायकिल एवं कांवर से ढो रहे पानी

पेयजल संकट उत्पन्न होने के बाद लोग 5-6 किमी दूरी से बाइक, सायकल एवं कांवर से पानी ढो रहे हैं। लोगों को पानी के लिए विकासखण्ड मुख्यालय से 5-6 किमी दूर ग्राम पाल दनौली, कालामांजन एवं रजवारी पारा से पीने का पानी लाना पड़ रहा है। बाइक एवं साइकिल से पानी लाने में भी लोगों को भारी परेशानी हो रही है लेकिन पैदल कांवर से पानी लाने वाले लोगों को घंटों मशक्कत करनी पड़ रही है। जल संकट को देखते हुए कई परिवार दूसरी जगह जाने की व्यवस्था ढूढ रहे है। इस भीषण समस्या के निराकरण के लिए लोगों ने कई बार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई लेकिन किसी ने भी इस समस्या के निराकरण की पहल नहीं की है। थक-हारकर लोग अब आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। ग्राम पंचायत द्वारा भी अभी तक खराब मोटर को सुधरवाने की पहल नहीं की गई है। पंचायत प्रतिनिधि पीएचई से नई मोटर मिलने की उम्मीदें लगाए बैठे हैं।

### हैण्डपंप उगल रहे हवा

विकासखण्ड मुख्यालय में शासन द्वारा जगह-जगह हैण्डपंप लगाए गए हैं लेकिन सभी हैण्डपंप लंबे समय से सूखे पड़े हैं तथा हवा उगल रहे हैं। विभाग द्वारा लम्बे समय से सूखे हैण्डपंपों को सुधारने की पहल नहीं की गई है। हैण्डपंप एवं कुंओं के जवाब देने के बाद एकमात्र विकल्प जलजीवन मिशन की मोटर जलने के बाद पड़ोसी गांवों से पानी लाने के अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प भी नहीं बचा है।

### ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी

योजना पूरी होने के बाद संचालक की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को सौंप दी गई है। योजना के संचालन एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है।

-आनंद एक्का, एई, पीएचई



## विद्यार्थियों ने टेलीस्कोप से देखा ग्रह-उपग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विज्ञान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए शनिवार को स्काई वाचिंग एंड स्टारगेजिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में छत्तीसगढ़ विज्ञान संघ के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम ने विद्यार्थियों के विज्ञान के प्रति विकसित की जा सकने वाली अभिरूचियों से परिचित कराया। जिपं सीईओ विनय अग्रवाल ने विज्ञान में हुए खोजों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान में अपनी रूचि बढ़ाने और नए इनोवेशन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नया रायपुर के निर्माण में एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अपने कार्यों का उल्लेख करते हुए विज्ञान की भूमिका को रेखांकित किया तथा विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। प्राचार्य प्रो.रिजवान उल्ला ने छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के माध्यम से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति विकसित की जा सकने वाली अभिरूचियों को रेखांकित किया। तकनीकी सत्र में विद्यार्थियों को टेलीस्कोप के तकनीकी पक्ष की जानकारी दी गई तथा बारी-बारी से टेलीस्कोप के माध्यम से ग्रहों-उपग्रहों को दिखाया गया और उसके संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के डायरेक्टर डॉ.संतोष कुमार देवांगन, प्रभारी रूसा प्रोजेक्ट डॉ.एमएस गुप्ता, शिक्षाविद डॉ.अंजली अवधिया और डॉ.श्रुति झा के प्रति कॉलेज प्रबंधन ने विशेष आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में विज्ञान सभा के उपाध्यक्ष एवं डीन मेडिकल कॉलेज कोरबा डॉ.के.के सहारे, सरगुजा मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.अविनाश मेश्राम, सीएसईबी कोरबा इकाई के विज्ञान कार्यकर्ता सुमित सिंह, रविशंकर विवि के खगोल भौतिकविद् डॉ.लक्ष्मीकांत चावरे एवं डॉ.नंद कुमार चक्रधारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने अपने फीडबैक में इस तरह के विज्ञान के कार्यक्रम हर वर्ष सरगुजा संभाग के हर जिले में आयोजित करने की मांग की।

## आरटीओ का अधिकारी बताकर युवक से लूट लिए 20 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अस्पताल में भर्ती बेटे से मिलने जा रहे बाइक सवार को रिंग रोड पोल्ट्री फार्म के समीप बुलेट सवार ने न सिर्फ रोक बल्कि अपने आप को आरटीओं का अधिकारी बता कर धक्का मुक्की कर युवक पर्स व जेब में रखे नगद 20 हजार रुपए लूट कर फरार हो गया। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

- अस्पताल में भर्ती बेटी में मिलने जा रहा था पिता

जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम मरकाडांड निवासी संदीप लकड़ा आ. धनेश्वर लडका (30 वर्ष) 11 मार्च की शाम ससुर रामजन के साथ बाइक से रिंग रोड़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती बेटी को देखने जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार रिंग रोड पोल्ट्री फार्म के समीप पहुंचा तभी पीछा कर रहे बुलेट सवार ने रोक कर अपने आप को आरटीओ का अधिकारी एवं अपना नाम सहजोर अली बताया फिर गाली-गलौज करते हुए युवक के पास पर्स में रखे 10 हजार एवं जेब में रखे 10 हजार रुपए को लूट कर फरार हो गया। इधर जब पीड़ित ने आरटीओ में जाकर पता किया तो बताए गए नाम का कोई अधिकारी नहीं था। पीड़ित ने जब पता किया तो पता चला की लूट करने वाला सत्तीपारा निवासी सहजोर अली आ. अयूब ली है। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 126(2), 309(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक में महिला इकाई का गठन

**अंबिकापुर।** सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक पीजी कॉलेज के सभाकक्ष में आईबी तिवारी की अध्यक्षता में हुई जिसमें संगठन की महिला इकाई का गठन किया गया। सर्वसम्मति से भटगांव विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी को महिला इकाई का संभाग अध्यक्ष चुना गया।

इकाई का उपाध्यक्ष श्रीमती देवकी त्रिपाठी एवं श्रीमती ज्योति द्विवेदी, सचिव श्रीमती शशिकला तिवारी, श्रीमती ममता तिवारी एवं श्रीमती नीलम शर्मा, सहसचिव श्रीमती बीना दुबे, अल्पना मिश्रा, स्मिता तिवारी एवं प्रियंका चौबे एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती रेणुका शुक्ला, सह-कोषाध्यक्ष श्रीमती मीना शुक्ला, मीडिया प्रभारी श्रीमती अलका मिश्रा तथा संरक्षक श्रीमती किरण मिश्रा एवं श्रीमती जयंति तिवारी को नियुक्त किया गया। बैठक में शहर के वरिष्ठ विप्र बंधुओं एवं पत्रकारों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रेम कुमार शर्मा, हरिशंकर त्रिपाठी, हरिकिशन शर्मा, श्रीमती चंदा शुक्ला, श्रीमती लीलावती पाण्डेय तथा वरिष्ठ पत्रकार अजय नारायण पाण्डेय, अनंगपाल दीक्षित, सुरेन्द्र तिवारी, संजय तिवारी, नंदकेश्वर पाण्डेय, डी.एन. द्विवेदी, विजय शुक्ला, केदार पाठक, डी.के. पाण्डेय शामिल थे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमकुमार शर्मा ने अपने में कहा कि ब्राह्मण समाज भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का मार्गदर्शक रहा है। ब्राह्मण समाज का दायित्व केवल अपने समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि समूचे समाज को सही दिशा देना भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक मूल्यों में आ रही गिरावट और विभिन्न प्रकार की विकृतियों को दूर करने के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। इसके लिए ब्राह्मण समाज को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज को जागरूक करना होगा। उन्होंने संगठन को और अधिक सक्रिय बनाते हुए युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया, ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज की एकजुटता अत्यंत आवश्यक है। जब तक समाज संगठित नहीं होगा, तब तक सनातन धर्म की रक्षा और उसके मूल्यों का संरक्षण प्रभावी ढंग से नहीं हो सकेगा। ब्राह्मण समाज को अपने गौरवशाली इतिहास और परंपराओं को स्मरण करते हुए समाज में नैतिकता, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आना होगा सनातन धर्म में जो विकृतियां समय के साथ उत्पन्न हुई हैं, उन्हें दूर करने की जिम्मेदारी भी ब्राह्मण समाज की है। सर्व धर्म समभाव की भावना के साथ सनातन धर्म को मजबूत बनाने की दिशा में संगठित होकर कार्य करना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सरगुजा सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने संबोधित किया। इस दौरान नवनियुक्त महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी ने भी अपना विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन दिनेश मिश्रा ने किया। इस दौरान रविंद्र तिवारी, अभिषेक शर्मा, मुन्ना पाण्डेय, अतुल त्रिपाठी, बच्चू तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, देवेश शुक्ला, वसुधा तिवारी, रेणुका शुक्ला, ममता दुबे सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।



## नेशनल लोक अदालत में 78893 प्रकरण में आपसी समझौते के आधार पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया। नेशनल लोक अदालत में 78 हजार 893 प्रकरण के पक्षकारों में आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया गया।

- कियागया 12 करोड़ 82 लाख 57 हजार 268 रूपये का अवार्ड पारित

यह नेशनल लोक अदालत सिर्फ जिला एवं सत्र न्यायालय तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसमें कुटुम्ब न्यायालय, तालुका न्यायालय प्रतापपुर बाल न्यायालय और जिले के सभी राजस्व न्यायालयों को भी शामिल किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य न्याय की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाते हुए, प्री-लिटिगेशन एवं लंबित मामलों को आपसी सहमति से सुलझाना था।

लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के कोर्ट रूम में हुआ, जहां श्रीमती विनीता वार्नर ने द्वीप प्रज्वलन कर इस न्याय पर्व की शुरुआत की। इस अवसर पर सभी न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायिक कर्मचारी, बैंक, नगरपालिका तथा विद्युत विभाग जैसे विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। नेशनल लोक अदालत के दौरान देखने को मिला, जहां जिला एवं सत्र न्यायाधीश की खंडपीठ में एक मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। न्यायालय की संवेदनशीलता मामले की एक महिला पक्षकार बीमार होने के कारण न्यायालय में उपस्थित होने में असमर्थ थीं। पक्षकार की विवशता को देखते हुए न्यायाधीश ने तकनीक का उपयोग करते हुए उन्हे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे न्यायालय से जोड़ा। न्यायाधीश ने बीमार महिला पक्षकार से विस्तार से बात की और प्रकरण के निराकरण के संबंध में उनकी राय जानी। महिला द्वारा अपनी सहमति देने के बाद, मौके पर ही सफलतापूर्वक निपटारा कर दिया गया। वर्ष 2026 की इस पहली नेशनल लोक अदालत मामलों के निराकरण हेतु जिले में कुल 32 खंडपीठ का गठन किया गया था। इन खंडपीठों में सिविल वाद, मोटर दुर्घटना दावा, पारिवारिक विवाद, वर्षों से लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक व राजस्व मामले तथा बैंक संबंधित लेन-देन, बिजली, टेलीफोन सेवा तथा जल के बकाया बिलों से संबंधित प्री-लिटिगेशन मामलों की सुनवाई हुई।

खंडपीठों ने मामलों को गहनता से समझा और दोनों पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण समाधान निकालते हुए हजारों प्रकरणों का आपसी समझौता के आधार पर निराकरण किए। नेशनल लोक अदालत में लाभान्वित पक्षकारों को खंडपीठों द्वारा फलदार पौधे भेट कर सम्मानित किया गया। पहली नेशनल लोक अदालत में समस्त न्यायालयों से 3813 लंबित प्रकरण एवं 96353 प्री-लिटिगेशन प्रकरण विचारार्थ में रखे गये थे। जिसमें कुल 78893 प्रकरण के पक्षकारों में आपसी समझौते के आधार पर सफलतापूर्वक निराकरण कर कुल 12 करोड़ 82 लाख 57 हजार 268 रूपये का अवार्ड पारित किया गया।



## कवच तकनीक के तहत टॉवर लगाने खोदा गया गड्ढा डेढ़ माह बाद भी पाटा नहीं गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के स्टेशन बिश्रामपुर से लगे रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में कवच तकनीक के तहत टावर लगाने के लिए खोदा गया गहरा गड्ढा पिछले डेढ़ माह से खुला पड़ा है, जिससे आसपास के लोगों में हादसे की आशंका बनी हुई है।

- रेलवे कॉलोनी के लोगों के लिए बना खतरा, हादसे की बन रही आशंका

जानकारी के अनुसार रेलवे प्रबंधन द्वारा ट्रेनों को दुर्घटना से बचाने के लिए आधुनिक कवच तकनीक की स्थापना की जा रही है। इसके तहत करंजी स्टेशन की ओर रेलवे कॉलोनी के सामने पुराने वेस्ट केबिन के पास टावर लगाने के लिए करीब 20×10 फीट का गहरा और चौड़ा गड्ढा जेसीबी मशीन से खुदवाया गया था,बताया गया कि ठेकेदार ने करीब एक से डेढ़ माह पहले गड्ढा खोदने के बाद काम बंद कर दिया और तब से यह गड्ढा अब तक खुला पड़ा है। रेलवे कॉलोनी निवासी लोगों का कहना है कि इस गड्ढे के आसपास मोहल्ले के बच्चे अक्सर खेलने नजदीक पहुंच जाते हैं,वहीं पास में नर्सरी क्षेत्र होने के कारण मवेशियों का भी जमावड़ा रहता है,गड्ढे में पानी भर जाने से बच्चों या मवेशियों के गिरने से अनहोनी होने का खतरा बना हुआ है,स्थानीय लोगों ने रेलवे अधिकारियों से शीघ्र ही टावर निर्माण कार्य पूर्ण कराकर गड्ढा पाटने की मांग की है।




## आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ करें संघर्ष : टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मनरेगा बचाव संग्राम और संगठन को वार्ड, पंचायत एवं बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से बलरामपुर जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव विशेष रूप से जुड़े और संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से 17 मार्च को रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया।

- मनरेगा बचाव संग्राम को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम ने ली बलरामपुर जिले की वर्चुअल बैठक



पूर्व डिप्टी श्री सिंहदेव ने निर्देश दिया कि प्रत्येक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से कम से कम दो वाहन तथा सभी फ्रंटल संगठनों से प्रत्येक ब्लॉक स्तर से कम से कम एक वाहन में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक एकता कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष को मजबूत करना चाहिए। बैठक में जिला प्रभारी के शफी अहमद ने कहा कि मनरेगा बचाव संग्राम केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा का जन आंदोलन है। मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को कमजोर करने की कोशिशों का सबसे ज्यादा असर गांवों के गरीब परिवारों पर पड़ता है, इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे इस आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन दिलाएं। उन्होंने बलरामपुर जिले की भौगोलिक दूरी का उल्लेख करते हुए कहा कि राजधानी रायपुर दूर होने के बावजूद जिले के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने संसाधनों के साथ अधिकाधिक संख्या में विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल हों। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए मंडल स्तर के माध्यम से वार्ड एवं बूथ कमेटियों के गठन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर एक माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि ब्लॉक अध्यक्षों के माध्यम से प्रभारी नियुक्त कर सभी बूथ और वार्ड कमेटियों का गठन सुनिश्चित करें तथा एक माह के भीतर इसका विस्तृत प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजें। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर यादव ने कहा कि बलरामपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से रायपुर की दूरी अधिक होने के कारण आने-जाने में तीन दिन तक का समय लगता है इसके बावजूद जिले के कांग्रेसजन महाराज साहब के नेतृत्व में विधानसभा घेराव में प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। वर्चुअल बैठक में पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, डॉ. अजय तिर्की, राजेन्द्र तिवारी, विजय पैकरा, अजय गुप्ता, राजीव सिंह, हरीश मिश्रा, अजय सोनी, नन्हे लाल गुप्ता, संजीव गुप्ता, अब्दुल्ला, नीरज तिवारी, समीर सिंह देव, सुनील सिंह, जितेंद्र गुप्ता, राजेन्द्र भगत, मोनीस अब्दुल्ला, दीपक यादव, अशोक जयसवाल और अश्विन यादव सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव दिए।

### मनरेगा बचाओ संग्राम अंतर्गत कांग्रेस का 17 को विस घेराव

**बिश्रामपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम अंतर्गत कांग्रेस 17 मार्च को छत्तीसगढ़ विधानसभा का घेराव करेगी। कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और मनरेगा बचाव संग्राम संयोजक उमेश पटेल की अगुवाई में प्रदर्शन रायपुर में होगा। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिलों में प्रभारी नियुक्त किए है। प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महासचिव सह प्रवक्ता अनुपम फिलिप ने बताया कि मोदी सरकार ने मनरेगा का नाम बदलने के आड़ में मनरेगा के मूल स्वरूप को ही खत्म कर दिया है, मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में औसतन मात्र 50 दिनों का ही रोजगार मजदूरों को दिया है, उसमें भी मजदूरी भुगतान को लेकर कई मामले लंबित है,जबकि पिछली कांग्रेस की सरकारों में मनरेगा मजदूरों को 100 दिन काम की गारंटी थी,कांग्रेस सरकार में मनरेगा में केंद्र 90 प्रतिशत और राज्य 10 प्रतिशत भुगतान किया करती थी जिससे मजदूरों के भुगतान में कोई कमी अथवा देरी नहीं होती थी,अब मोदी सरकार ने इस अनुपात को बदलकर 60:40 कर दिया है,पहले ही आर्थिक असंतुलन से जूझ रही राज्य सरकार कई विभागों में संचालित दर्जनों योजनाओं का भुगतान करने में असमर्थ है। कई सरकारी और निजी निर्माण एजेंसियां का भुगतान सालों से लंबित है, ऐसे में 40 प्रतिशत मनरेगा भुगतान का भार राज्य सरकार के वश से बाहर का खर्च है। इसको बहाना बनाकर सरकार मनरेगा को खत्म करने के रास्ते में है। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा मजदूरों में बड़ी निराशा है। एक तो रोजगार की गारंटी होने के बावजूद काम नहीं मिलना और दूसरा मजदूरी भुगतान में व्याप्त अनिश्चितता से मजदूर अपने भविष्य को लेकर बेहद चिंतित है। श्री फिलिप ने बताया कि विधानसभा घेराव के माध्यम से कांग्रेस गरीबों,मजदूरों और ग्रामीणों के अधिकारों के लिए चल रहे संग्राम को नई मजबूती प्रदान करेगी।

## संयुक्त संवेदना समिति की हुई विकासखंड स्तरीय बैठक

**भैयाथान।** युक्त संवेदना समिति की विकासखंड स्तरीय बैठक भैयाथान में आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 2026 के लिए सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। समिति के ब्लॉक संयोजक एवं अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि संयुक्त संवेदना योजना विगत पांच वर्षों से जिले में पारदर्शिता के साथ संचालित हो रही है।

वर्तमान में जिले में इस योजना के 2298 सदस्य जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंजीकृत सदस्य की सदस्यता मार्च माह के अंत में समाप्त हो जाती है, जिसके बाद 500 रुपये की निर्धारित राशि देकर ब्लॉक संयोजक के माध्यम से सदस्यता का नवीनीकरण कराया जाता है। साथ ही मार्च से अप्रैल तक नए सदस्यों को भी जोड़ा जाता है। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी फूल साय मराबी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र दुबे सहित सभी संकुल समन्वयकों को योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान राजेश मिश्रा, इंदुमौली मिश्रा, बोधन राजवाड़े, प्रमोद दुबे, महेश पैकरा, अमरनाथ चौबे, शिवेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह, ताराचंद गुप्ता, यशवंत प्रताप सिंह, फूलचंद पैकरा, बिजेंद्र साहू, चंद्र प्रकाश, जुगेंद्र सोनी, सुग्रीव कुशवाहा, कन्नी लाल, धीरेन्द्र कुशवाहा, ईश्वर सिंह, सुलेमान अंसारी, छत्रपाल, सतपाल ठाकुर, शिव प्रताप, महेश प्रताप सिंह, वेद साय, घनश्याम राजवाड़े, रविकांत पैकरा, हेम सिदार, राम जतन कुशवाहा, महेश एक्का, अजय सोनवानी, रितेश यादव, जितेंद्र सिंह और गायत्री मिश्रा सहित कई संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।



# सरकार 4 में नजर आएंगे अमिताभ और अभिषेक

**मुंबई।** फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने अपनी पॉलिटिकल-क्राइम फिल्म 'सरकार 4' की कास्ट को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा, 'मैं इस फिल्म की शूटिंग इस साल के बीच में करूंगा। जब निर्देशक से फिल्म की कास्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन दोनों इस फिल्म का हिस्सा होंगे। हालांकि, उन्होंने फिल्म के बाकी कलाकारों के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। राम गोपाल वर्मा ने आगे कहा कि वो इस फिल्म को एक साल में ही खत्म करना चाहते हैं। इसके बाद वो 'सिंडिकेट'मूवी पर काम करना चाहते हैं, जिसका ऐलान उन्होंने पहले किया था।

लाइफ Style



# निकिता
## मुझे अफवाहें फैलाना पसंद नहीं

कई सेलेब्रिटीज के बाद अब अभिनेत्री निकिता दत्ता ने भी इंडस्ट्री में होने वाले पीआर गेम पर बात की। साथ ही उन्होंने सुर्खियां बटोरने के लिए फैलाई जाने वाली अफवाहों की खुलकर आलोचना की। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिंगर जुबीन नौटियाल के साथ अपने रिलेशनशिप और शादी की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री का कहना है कि वह अनजाने में भी अफवाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं। एक बातचीत के दौरान निकिता ने जुबीन नौटियाल के साथ अपनी शादी की अफवाहों पर कहा कि पीआर के बारे में मेरी समझ की बात करें, तो बेशक यह बहुत देर से आई। यह एक ऐसी बात है, जिसका मुझे अफसोस है और काश कबीर सिंह के रिलीज होने के समय मुझे इस बात की थोड़ी बेहतर जानकारी होती कि चीजें कैसे काम करती हैं। दूसरी बात अगर आप इन सभी वर्षों में मेरे करियर को देखें, तो मैंने व्यक्तिगत और निजी जीवन के बीच एक सीमा बनाए रखी है। इस सीमा को मैंने कभी पार नहीं किया है। आपने मेरे बारे में कभी भी मनगढ़ंत अफवाहें नहीं सुनी होंगी। मैं वैसी इंसान नहीं हूं। मैं न तो ऐसी अफवाहें फैलाना पसंद करती हूं और न ही उनका हिस्सा बनना, चाहे अनजाने में ही क्यों न हो। मैं ऐसी चीजों का समर्थन नहीं करती। मार्केटिंग स्ट्रेटजी के बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्रोडक्शन हाउस का निर्णय होता है। बीते दिनों निकिता को जुबीन नौटियाल के साथ सिंगर के होम टाउन में देखा गया था। इसके बाद ही दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं सामने आई थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# मैं किसी चैटबॉल को डेट नहीं कर रहा हूं

**लॉस एंजिल्स।** पिछले दिनों एक पॉडकास्ट में बताया गया कि एक हॉलीवुड एक्टर चैटबॉट के साथ डेटिंग कर रहा है। इसके बारे ही सोशल मीडिया पर जैक ब्राफ का नाम इस मामले में उछाला गया। जब मामले में ज्यादा तूल पकड़ा तो एक्टर ने इंस्टाग्राम के जरिए अपना पक्ष रखा। वह पोस्ट में लिखते हैं, 'मैं किसी चैटबॉट को डेट नहीं कर रहा हूं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे यह शब्द लिखने पड़ रहे हैं। यह सब 'स्क्रब्स'शो के एक एपिसोड की कहानी है, इसमें एक लड़का चैटबॉट को डेट करता है। हो सकता है कि उस बात के कारण यह अफवाह उड़ी है।'




# गन केस में जेल जाने से बचे सिंडी के बेटे डक्लिन

**लॉस एंजिल्स।** सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर को एक हथियार मामले में आरोपी माना गया था। मगर इस मामले में अब सिंगर का समझौता हो चुका है। इस समझौते की वजह से उन्हें अब जेल की सजा की जगह प्रोबेशन पर रखा जाएगा। अमेरिकन सिंगर सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर पर 2024 में अवैध हथियार रखने और गोली चलाने के आरोप लगे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार डक्लिन ने अपने आपराधिक हथियार रखने के आरोप को स्वीकार कर लिया था। अब समझौते के तहत उन्हें जेल की सजा के बजाय एक साल के अंतरिम प्रोबेशन की सजा सुनाई गई है। यह आरोप मैनहैटन में हुई गोलीबारी से जुड़ा हुआ है। इस आदेश के अनुसार लॉपर को नशा मुक्ति के उपचार कराना होगा। यह कार्यक्रम पूरा करने के बाद ही उन्हें हथियार रखने के आपराधिक आरोप में दोषी ठहराया जा सकेगा।



# 100 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**मुंबई।** 70-80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मधु मल्होत्रा का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने 72 साल की उम्र में मुंबई में 13 मार्च को आखिरी सांस ली। उनके निधन की खबर से बॉलीवुड में शोक की लहर है और कई लोग उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मधु मल्होत्रा ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया और भले ही वे ज्यादा सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन अपने किरदारों से उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। उन्होंने 1970 और 80 के दशक में हिंदी सिनेमा में काफी काम किया और 100 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा रहीं। उन्हें खास पहचान फिल्म हीरो के मशहूर गाने 'लंबी जुदाई'से मिली थी। यह गाना आज भी लोगों के दिलों में बसा हुआ है और इसी गाने ने उन्हें दर्शकों के बीच यादगार बना दिया।



# गोलमाल-5 में अक्षय की हुई एंट्री...

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी अपना 52वां जन्मदिन के मौके पर अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइज 'गोलमाल'की पांचवीं फिलम 'गोलमाल 5' की घोषणा कर दी है। साथ ही एक मजेदार वीडियो भी साझा किया है। रोहित शेट्टी ने फिल्म की घोषणा करते हुए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने एक लंबा नोट लिखते हुए एक मजेदार वीडियो साझा किया है। वीडियो में फिल्म की शूटिंग के कुछ सीन शामिल है। रोहित द्वारा शेयर किए गए वीडियो में अंत में अक्षय कुमार की एंट्री होती है। अक्षय फिल्म में बिल्कुल अलग लुक में नजर आएंगे। वीडियो में अक्षय काले रंग का तहमद और कुर्ता पहने बाल्ड लुक में नजर आए। बिना बालों के अक्षय को देखकर अजय देवगन और रोहित शेट्टी भी हंसते दिखाई दिए।

## टीवी मसाला



# कृष्णा ने पलटा गेम, द 50 से आरुषि, सपना और मनीषा बाहर

**नई दिल्ली।** शो 'द 50' का हाल ही में एक प्रोमो रिलीज हुआ। यह शो अपने फिनाले की तरफ बढ़ रहा है। अब प्रतियोगी शो में बने रहने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। इस शो में बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ भी बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। हालिया प्रोमो वह एक प्रतियोगी और अपनी टीम मेंबर से लड़ती-झगड़ती दिखीं। कृष्णा श्रॉफ ने अपनी ही टीम मेंबर आरुषि को शो से बाहर करने के लिए हामी भरी। यह बात आरुषि को बुरी लगी, उसने कृष्णा से सवाल-जवाब किया। इस दौरान कृष्णा ने कहा कि उनकी प्रायोरिटी सिर्फ 'द 50' शो है, ना कि कोई प्रतियोगी। इस तरह से कहीं ना कहीं कृष्णा ने अपने ही टीम मेंबर को शो में बने रहने के लिए धोखा दिया। आरुषि को वोट आउट करने से पहले ही कई प्रतियोगी दो दिन पहले ही शो से बाहर हो चुके थे। इस लिस्ट में डांसर सपना चौधरी और इंफ्लुएंसर मनीषा रानी शामिल हैं। सपना चौधरी इस शो के कारण काफी चर्चा में आईं, उनके बाकी प्रतियोगियों से काफी झगड़े भी हुए।'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं। इनके अलावा प्रिंस नरुला का नाम भी विनर के तौर पर सामने आ रहा है। दर्शक इन दोनों को काफी पसंद कर रहे हैं। 'द 50' शो की बात करें तो इसमें लगभग 50 प्रतियोगी शामिल हुए थे। जिसमें कुछ एक्टर, इंफ्लुएंसर, स्पोर्ट्स पर्सन थे। अब तक कई लोग शो से बाहर हो चुके हैं। यह रियलिटी शो जीयो हॉटस्टार पर और कलर्स चैनल पर टेलीकास्ट होता है।

## जसकोमल पर दिल हार बैठीं पवित्रा

**नई दिल्ली।** अपनी सगाई की घोषणा के लगभग छह महीने बाद, पवित्रा पुनिया एक बार फिर चर्चा में हैं। पवित्रा के मंगेतर का चेहरा सामने आ



गया है। उनके होने वाले पति जसकोमल सिंह ने खुद सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर करके सबको चौंका दिया है, जिसमें वो पवित्रा को प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। जसकोमल सिंह अमेरिका में रहते हैं और एक बिजनेसमैन हैं। मनोरंजन इंडस्ट्री से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह बहुत अच्छे और दयालु इंसान हैं, जैसा कि पवित्रा ने एक इंटरव्यू में कहा था। संगीत से उन्हें काफी लगाव है। उनका इंस्टाग्राम गाने के वीडियो से भरा पड़ा है। उनके इंस्टाग्राम पर करीब 23.7 हजार फॉलोअर्स हैं, लेकिन वे सिर्फ 52 लोगों को फॉलो करते हैं। पवित्रा ने बताया था कि वे काफी समय से साथ हैं और यह रिश्ता उन्हें सही लगता है। उनका परिवार भी इस रिश्ते से बहुत खुश है। इससे पहले पवित्रा का रिश्ता अभिनेता एजाज खान से था।

# किसी ने महज 10 साल में जीता अवॉर्ड तो किसी को मिली प्लास्टर की ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** पहला ऑस्कर समारोह 16 मई 1929 को लॉस एंजिल्स के हॉलीवुड रूजवेल्ट होटल में एक निजी डिनर के रूप में आयोजित किया गया था। यह समारोह सिर्फ 15 मिनट ही चला था। पहले ऑस्कर अवॉर्ड में विंग्स को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड मिला था। जबकि एमिल जैनिंग्स सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और जेनेट गेनर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री बनी थीं। वहीं फ्रैंक बोरजेज को 'सेवन हेवन' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (ड्रामा) का ऑस्कर मिला था।

व्यक्तिगत तौर पर वाल्ट डिज्नी ने सबसे अधिक 26 ऑस्कर जीतने का रिकॉर्ड बनाया है, और उन्हें 59 बार नामांकित किया गया था।

अमेरिकी अभिनेत्री टैटम ओ नील सबसे कम उम्र में ऑस्कर जीतने वाली शख्स हैं। उन्होंने सिर्फ 10 साल की उम्र में 'पेपर मून' फिल्म के लिए अवॉर्ड अपने नाम किया था।

क्रिस्टोफर प्लंबर ऑस्कर जीतने वाले सबसे उम्रदराज कलाकार हैं। उन्होंने 82 साल की उम्र में यह अवॉर्ड जीता।

कैथरीन बिगेलो ऑस्कर जीतने वाली पहली महिला निर्देशक हैं। उन्हें 2010 में फिल्म 'द हर्ट लॉकर' के लिए यह अवॉर्ड मिला था।



साउंड मिक्सर केविन ओ कोनेल एक ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने 20 नॉमिनेशंस के बावजूद आज तक कोई ऑस्कर नहीं जीता है।

जैक निकोलसन सबसे ज्यादा बार नॉमिनेट होने वाले एक्टर हैं जिन्हें 12 ऑस्कर्स मिल चुके हैं।

जीवित व्यक्तियों में सबसे ज्यादा बार कंपोजर जॉन विलियम्स को नॉमिनेट किया गया है। उन्हें 49 ऑस्कर नॉमिनेशन मिले हैं।

पीटर फिंच और हीथ लेजर एकमात्र ऐसे अभिनेता हैं जिन्हें मरणोपरांत ऑस्कर से सम्मानित किया गया है।

ऑस्कर की ट्रॉफी सोने की बनी होती है। लेकिन एक समय ऐसा भी था जब ऑस्कर की ट्रॉफी प्लास्टर की दी गई थी। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध के दौरान धातु की कमी के कारण, 3 साल तक ऑस्कर की मूर्तियां सोने के बजाय प्लास्टर की बनाई गई थीं।


1938 में अमेरिकी एक्टर एडगर बर्गन को ऑस्कर की अनोखी ट्रॉफी दी गई थी। ये ट्रॉफी लकड़ी की बनी हुई थी, जिसमें एक चलता हुआ मुंह था, जो चार्ली मैकार्थी की वेंट्रिलोक्विज़्म विशेषता को दर्शाता था।

ऑस्कर के इतिहास में केवल 3 लोग ही ऐसे हैं जिन्होंने ये अवॉर्ड लेने से मना कर दिया। इनमें डडली निकोल्स, जॉर्ज सी. स्कॉट और मार्लन ब्रांडो के नाम शामिल हैं। इन्होंने व्यक्तिगत सिद्धांतों और राजनीतिक विरोध के चलते पुरस्कार लेने से मना किया था।

जेनिफर लॉरेंस ने 2013 में ऑस्कर में 40 लाख डॉलर की ड्रेस पहनी थी, जो ऑस्कर इतिहास की सबसे महंगी ड्रेसों में से एक है।

# धुरंधर 2 की रिलीज से पहले रणवीर संग दिखीं दीपिका...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की एक साथ झलक पाने को फैंस हमेशा बेकरार रहते हैं। हील ही में रणवीर और दीपिका लंबे समय बाद एक साथ स्पॉट हुए। दोनों को एक साथ किसी खास की शादी में देखा गया, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया हैंडल पर जमकर वायरल हो रही हैं।दीपिका और रणवीर काफी समय बाद सार्वजनिक रूप से एक साथ दिखाई दिए हैं। हाल ही में, रणवीर और उनकी पत्नी दीपिका एक शादी में साथ दिखे। दोनों स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में शामिल हुए, जो 14 मार्च को हुई। दोनों ने पैपराजी से बचने की कोशिश की, लेकिन एक मेहमान के साथ उनकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। फैंस दोनों को एक साथ शादी में देखकर काफी खुश हैं। दीपिका ने गुलाबी ड्रेस पहनी हुई है। हैवी ज्वेलरी और हल्के मेकअप में दीपिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं रणवीर कढ़ाई वाले कुर्ते में बहुत हैंडसम दिख रहे हैं। रणवीर के फैंस हमेशा उन्हें और दीपिका को साथ देखने के लिए उत्सुक रहते हैं, ऐसी तस्वीरें देखकर फैंस खुश हो जाते हैं।



स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में दीपिका और रणवीर के अलावा अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ जैसे सेलेब्स भी शामिल हुए। अदिति राव हैदरी की भी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। 'धुरंधरः द रिवेंज' की रिलीज से ठीक पहले दीपिका और रणवीर की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## फिल्ममेकर्स मानते थे लकी, गरीबी में तोड़ा दम

# हीरालाल : भारतीय सिनेमा का पहला विलेन, देश की आजादी के लिए लड़ा

***मुंबई।** जब भी भारतीय सिनेमा के आइकॉनिक विलेन्स की बात होती है, तो जेहन में शाकाल, मोगेम्बो और गब्बर जैसे किरदार और उन्हें निभाने वाले एक्टर्स के चेहरे ही उभरते हैं, लेकिन जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला विलेन कौन था? भारतीय सिनेमा की शुरुआत साल 1913 में हुई थी। तब पहली बार लोगों को फिल्मों और फिल्मी पर्दे के बारे में पता चला था। फिर धीरे-धीरे फिल्मों में नेगेटिव किरदारों की शुरुआत हुई, तो सबसे पहला मौका इसी एक्टर को मिला। ये थे हीरालाल यानी हीरालाल ठाकुर, जिन्हें भारतीय सिनेमा का पहला विलेन माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि भारतीय सिनेमा में विलेन के किरदारों की शुरुआत हीरालाल ने ही की थी। लेकिन हीरालाल की उपलब्धि सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रही। बल्कि वह देश की आजादी की लड़ाई भी लड़े। हीरालाल ने अपने 50 साल से अधिक लंबे करियर में 150 फिल्में कीं, पर अफसोस कि जब उनकी मौत हुई, तो जेब में एक फूटी कौड़ी नहीं थी। 'संडे सिनेमा' की स्पेशल सेगमेंट में भारतीय सिनेमा के इसी नायाब हीरे यानी हीरालाल ठाकुर की कहानी बता रहे हैं।*



### निभाए ज्यादातर नेगेटिव किरदार

हीरालाल ठाकुर ने वैसे तो फिल्मों में कैरेक्टर आर्टिस्ट का रोल ही प्ले किया था, पर उनके ज्यादातर किरदार नेगेटिव थे। इसी वजह से उन्हें भारतीय सिनेमा का 'बैडमैन' कहा जाने लगा था। हीरालाल साल 1912 में लाहौर में पैदा हुए थे। परिवार में कोई भी फिल्मों में नहीं था, लेकिन उन्हें रामलीला देखकर एक्टिंग का शौक लग लग गया। रामलीला में भी वह रावण के किरदार से प्रभावित थे। यह प्रभाव इस कदर हावी था कि हीरालाल ने विलेन बनकर छाने और नेगेटिव किरदार से ही शुरुआत करने का फैसला कर लिया।


### इस फिल्म ने रातोंरात बनाया स्टार

हीरालाल इसी ख्वाहिश के साथ फिल्मों में आ गए। उन्होंने साइलेंट फिल्मों के दौर में सिनेमा में कदम रखे थे। हीरालाल ठाकुर को पहली फिल्म साल 1924 में ऑफर हुई थी, जिसका नाम 'सफदर जंग' था, लेकिन उन्होंने शूटिंग 1929 में फिल्मों में एंट्री के बाद शुरू की थी। इसी के साथ हीरालाल को 'डॉटर्स ऑफ टुडे' नाम की एक फिल्म भी ऑफर हुई। वह फिल्म 'सफदर जंग' से पहले रिलीज हो गई। यह 1928 में आई थी और हीरालाल की बतौर डेब्यू पहली फिल्म मानी जाती है। इसके बाद जब 'सफदर जंग' रिलीज हुई, तो वह ब्लॉकबस्टर रही और हीरालाल छा गए।

### बंटवारे के बाद भारत आए

फिर आया साल 1945, जब बंटवारे की बादल हावी होने लगे। उसी दौरान हीरालाल ने लाहौर में दर्पणरानी नाम की एक लड़की से शादी कर ली और पांच बेटे-एक बेटी के पिता बने। साल 1947 में बंटवारा हुआ तो हीरालाल पाकिस्तान छोड़कर भारत आ गए और कोलकाता में बस गए। फिर वहां से 1949 में बॉम्बे चले गए। चूंकि, हीरालाल की पंजाबी, उर्दू, हिंदी और इंग्लिश भाषा पर अच्छी-खासी पकड़ थी, इसलिए उन्हें बॉम्बें में काम ढूंढने में कोई दिक्कत नहीं हुई। फिल्मों में भी आसानी से काम मिल गया।

### ऑल टाइम हिट फिल्में



कृष्ण लीला (1946), सीता (1934), मेरी बहन (1944), अरेबियन नाइट्स (1946), महबूबा (1954), शाह बेहराम (1955), रियासत (1955), सिंदबाद, अलीबाबा और अल्लादीन (1965), शीबा और हरक्यूलिस (1967), अलीबाबा (1976)।

### 20 साल में 20 फिल्में

इस एक फिल्म ने हीरालाल को साइलेंट फिल्मों के दौर के टॉप स्टार्स में ला खड़ा किया। इसके बाद हीरालाल के पास फिल्मों की लाइन लग गई। 'सिनेमाजी' के मुताबिक, उन्होंने 1928 से साल 1948 के बीच करीब 20 फिल्में कीं, जिनमें विलेन और नेगेटिव रोल प्ले किए। वो सभी फिल्में हिट रहीं और मेकर्स उन्हें अपना लकी चार्म मानने लगे। बताया जाता है कि उसके बाद सभी मेकर्स हीरालाल को अपनी फिल्म में साइन करने के लिए उत्साहित रहते थे। उनकी ज्यादातर फिल्में हिट हो जाती थीं। इनमें 'कृष्ण लीला', 'सीता' और 'मेरी बहन' जैसी फिल्में शामिल हैं। अपने करियर में हीरालाल ने सिर्फ नेगेटिव किरदार ही निभाए, बल्कि पौराणिक, एक्शन और फैंटेसी जॉनर की फिल्मों में भी हाथ आजमाया, और वहां भी उन्हें सफलता ही हाथ लगी।

## खबर संक्षेप



### लक्ष्मीनारायण ने किया 27वीं बार रक्तदान

**चंद्रपुर।** मानव सेवा को सर्वोपरि मानते हुए चंद्रपुर के समाजसेवी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजयुमो जिला सक्ती के कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मीनारायण मोंटू माली ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। उन्होंने इस बार का रक्तदान रायपुर बालकों हॉस्पिटल में जा के किया वे अभी 27वीं बार रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद की और लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। लक्ष्मीनारायण मोंटू माली लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जब भी किसी मरीज को रक्त की आवश्यकता होती है, वे तुरंत आगे आकर मदद करते हैं। उनके इस कार्य से कई जरूरतमंद लोगों की जान बच चुकी है। 27वीं बार रक्तदान करते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता और हर स्वस्थ व्यक्ति को समय समय पर रक्तदान करना चाहिए।

### घरघोड़ा लोक अदालत में हुई सुनवाई

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित लोक अदालत का आयोजन जिला सत्र न्यायालय घरघोड़ा में सफलता पूर्वक संपन्न है। लोक अदालत पीठासीन अधिकारी अभिषेक शर्मा के न्यायालय में 3 मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण का प्रकरण का निपटारा राजीनामा के आधार पर किया गया। व्यवहार न्यायालय से कुल 8 प्रकरण और जिला एवं सत्र न्यायालय घरघोडा में 3 क्लेम प्रकरण एवं 1 कुटुंब न्यायालय से संबंधित प्रकरण और 136351 प्री लिटिगेशन प्रकरण का निपटारा कर 32 लाख 47 हजार 200 का सैटल किया गया। राजीनामा करने वाले पक्षकारों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने पेड़ भेट कर पर्यावरण रक्षा का संदेश दिए।

### सब्जी उत्पादन से आत्मनिर्भर बनीं सविता

**रायगढ़।** विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत बंगरसूता की श्रीमती सविता राठिया ने मेहनत और लगन से आजीविका का नया रास्ता तैयार कर लिया है। साग सब्जी की खेती कर वे न केवल अपने परिवार की आय बढ़ा रही हैं, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन रही हैं। सविता राठिया पहले घर की जिम्मेदारियों तक ही सीमित थीं और उन्हें घर से बाहर निकलकर काम करने का ज्यादा अवसर नहीं मिल पाता था। लेकिन स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने अपनी आजीविका को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। अपने कार्य को विस्तार देने के लिए उन्होंने 60 हजार की सामुदायिक निवेश निधि सीआईएफ प्राप्त की और इस राशि से साग सब्जी उत्पादन शुरू किया। आज सविता अपने खेत में विभिन्न प्रकार की हरी सब्जियों का उत्पादन कर स्थानीय बाजार में बिक्री कर रही हैं। इससे उन्हें नियमित आय प्राप्त हो रही है और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

### पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति, प्रशासन सतर्क

**रायगढ़।** पेट्रोलियम पदार्थों की नियमित उपलब्धता और सुचारू वितरण सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सतर्क है। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले के संबंधित विभागों और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी से प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कायस्थ महिला समाज...

अंजला श्रीवास्तव, रीता वर्मा, उमा वर्मा, सुनीला सिन्हा, सुनीता सिन्हा, अनीता सिन्हा, पूनम सिन्हा, ममता सिन्हा, रश्मि वर्मा, अमृता अंबष्ट, नमिता वर्मा, नीलम सिन्हा, शिल्पी सिन्हा सहित सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### रायगढ़ सहित जिलेभर में बड़ी संख्या में मामलों का समाधान

# नेशनल लोक अदालत में 29 खंडपीठों में हुई सुनवाई, 6806 लंबित प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार आज रायगढ़ जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार जैन ने न्यायालयीन सभागार में माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला मुख्यालय रायगढ़ के साथ साथ तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया, भटगांव और बिलाईगढ़ में भी खंडपीठों का गठन किया गया। इसके अतिरिक्त परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय तथा किशोर न्याय बोर्ड को मिलाकर कुल 29 खंडपीठों का गठन किया गया। रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ के राजस्व न्यायालयों में भी खंडपीठों का गठन



लोक अदालत के दौरान चर्चा करते न्यायाधीश।

कर मामलों के निराकरण की प्रक्रिया संचालित की गई। नेशनल लोक अदालत में लगभग 7867 लंबित प्रकरण तथा करीब 7 लाख प्रीलिटिगेशन प्रकरण राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 6806 लंबित प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों को सुनवाई के लिए रखा गया। इनमें मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत प्रकरण, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण के मामले, सिविल प्रकरण, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 से संबंधित मामले तथा यातायात उल्लंघन के प्रकरण शामिल थे। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कम समय में बड़ी संख्या में मामलों के समाधान से पक्षकारों को त्वरित न्याय मिला और न्यायालयों में लंबित मामलों के बोझ को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई। नेशनल लोक अदालत के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला न्यायालय रायगढ़ में कार्यरत महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान एवं कार्यनिष्ठा के लिए प्रशस्ति पत्रए स्मारक चिन्ह एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं की कार्यक्षमताए समर्पण और समाज निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की गई। कार्यक्रम में जिला न्यायालय रायगढ़ के न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला अधिवक्ता संघ रायगढ़ के अध्यक्ष एवं अन्य अधिवक्तागण, बैंक, विद्युत तथा अन्य विभागों के अधिकारी, राजीनामा के लिए उपस्थित पक्षकार, न्यायालयीन कर्मचारी, विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी तथा पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।



## जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता ऑनलाइन बुकिंग के दिन ही मिलेगी

**रायगढ़।** शहर में संचालित गैस एजेंसी संचालकों की एडीएम ने समीक्षा बैठक ली। बैठक में खाद्य विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न ऑयल कंपनियों के सेल्स ऑफिसर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले की सभी गैस एजेंसियों में घरेलू गैस सिलेण्डर की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि जिले में पंजीकृत समस्त घरेलू गैस उपभोक्ताओं की आवश्यकता के अनुरूप एजेंसियों में सिलेण्डर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

एडीएम ने एजेंसी शहरी क्षेत्रों में गैस प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं की लगने वाली लंबी कतारों को व्यवस्थित एवं नियंत्रित करने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि उपभोक्ताओं द्वारा ऑनलाइन बुकिंग अथवा डीएससी जिस दिनांक को सफल होती है, उसी दिनांक को अनिवार्य रूप से गैस सिलेण्डर का वितरण किया जाए।

**संयुक्त जांच दल गठित**

जिले के विभिन्न विखं में राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों का संयुक्त जांच दल गठित किया गया है। इसमें रायगढ़ ब्लॉक के लिए तहसीलदार शिव डनसेना, नायब तहसीलदार हरनंदन बंजारे तथा सहायक खाद्य अधिकारी अंजनी कुमार राव को जांच दल में शामिल किया गया है। इसी तरह पुसौर ब्लॉक में तहसीलदार अनुराधा पटेल और खाद्य निरीक्षक चुड़ामणि सिदार जांच की जिम्मेदारी संभालेंगे। खरसिया विखं के लिए तहसीलदार संदीप राजपूत और खाद्य निरीक्षक बनमाली यादव को जिम्मेदारी दी गई है।

उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अनावश्यक रूप से परेशान न हों। जिले में गैस सिलेण्डर की पर्याप्त उपलब्धता है तथा ऑनलाइन गैस सिलेण्डर बुकिंग की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो रही है।

## 5 वीं और 8 वीं की परीक्षा के सफल संचालन के लिए केंद्राध्यक्षों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा के सफल संचालन के लिए पुसौर ब्लॉक के संकुल पंचपारा बड़ेहरदी सोडेकेला में समस्त केंद्राध्यक्षों की बैठक रखी गई। बैठक में केंद्रीकृत परीक्षा के लिए निर्देशों को विस्तार से बताया गया।

बैठक में साफ सफाई पेयजल व्यवस्था पेयजल व्यवस्था बिजली की उपलब्धता पर्यवेक्षक नियुक्ति आदि हेतु आवश्यक सुझाव व निर्देश दिये साथ ही परीक्षा को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शिता बरतने तथा आवश्यक दस्तावेजों के संधारण के लिए निर्देशित किए। परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित हो तथा किसी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग न हो इस पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में प्राचार्य पंचपारा श्रीमती चंद्रकांता खरे प्राचार्य बड़े हरदी दिनेश वर्मा प्राचार्य सोडेकेला श्रीवत्स गुप्ता सीएसी श्रवण कुमार साव शांतनु पंडा पंचानन निषाद एवं समस्त केंद्राध्यक्ष 5 वीं एवं 8 वीं उपस्थित रहे।

## अदाणी फाउंडेशन के आयोजन में ग्रामीण महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

**बजरमुड़ा (रायगढ़)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अदाणी फाउंडेशन की ओर से बजरमुड़ा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें तमनार क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आई महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेलकूद प्रतियोगिताओं और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

- खेल प्रतियोगिताओं और सुआ नृत्य में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, विजेताओं को किया गया सम्मानित





कार्यक्रम की शुरुआत म्यूजिकल चेयर, मटकी फोड़ और फुगड़ी जैसी प्रतियोगिताओं से हुई। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में कुंजेमुरा की श्रीमती बिलासिनी राठिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बांजीरखोल की श्रीमती गुरुवारी भगत द्वितीय तथा मिलूपारा की श्रीमती लक्ष्मीन बरेठ तृतीय स्थान पर रहीं। सराईटोला की श्रीमती कीर्ति राठिया चतुर्थ और सीतापुर की श्रीमती कुसुम जाहिरे पाँचवें स्थान पर रहीं।

वहीं, मटकी फोड़ प्रतियोगिता में सराईटोला की श्रीमती इंदु राठिया ने प्रथम स्थान हासिल किया। मिलूपारा की श्रीमती कविता चंद्रा द्वितीय, गारे की श्रीमती जमुना डनसेना तृतीय, रोडोपाली की श्रीमती कांति यादव चतुर्थ तथा मड़वाडुमर की श्रीमती श्यामा बाई पाँचवें स्थान पर रहीं। फुगड़ी प्रतियोगिता में कुंजेमुरा की श्रीमती बिलासिनी राठिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिलूपारा की श्रीमती संतोषी सिदार द्वितीय, हिंझर की श्रीमती शकुंतला तृतीय, सराईटोला की श्रीमती कीर्ति राठिया चतुर्थ तथा पाता की श्रीमती उसिला चौहान पाँचवें स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। इन प्रतियोगिताओं ने महिलाओं में उत्साह के साथ-साथ आपसी सहयोग और मित्रता की भावना को भी मजबूत किया। कार्यक्रम के दौरान सुआ नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें पाँच टीमों ने भाग लिया। स्थानीय महिलाओं ने पारंपरिक लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। सभी टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक और संसदीय सचिव श्रीमती सुनीति सत्यानंद राठिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य श्रीमती नंदनी मनोज राय ने की। इस अवसर पर श्रीमती संतोषी गणेश राठिया, श्रीमती गंगा बंशीधर चौधरी, श्रीमती अमेरिका महेतर राठिया, श्रीमती उमावती संतोष बहेरा, श्रीमती सुशिला तानसिंग पटेल, श्रीमती नानकुंवर यादलाल नायक, श्रीमती उत्तरा कुंवर अरुण राय और श्रीमती गणेशी वेदराम राठिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, राजनीति, विज्ञान, कला और खेल सहित हर क्षेत्र में प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि उन संघर्षों और त्यागों को याद करने का अवसर भी है, जिनकी बदौलत महिलाओं ने समाज में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। आयोजकों ने बताया कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गौधाम योजना का किया शुभारंभ

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम से राज्य में निराश्रित एवं घुमंतू गौवंश के संरक्षण और उनके समुचित व्यवस्थापन के उद्देश्य से गौधाम योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां मुख्यमंत्री के विशेष संबोधन का लाइव प्रसारण देखा गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की जा रही गौधाम योजना का उद्देश्य प्रदेश में बेसहारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना, उनके संरक्षण को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि गोधन हमारी ग्रामीण संस्कृति, कृषि व्यवस्था और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। गौधाम समिति के जिला अध्यक्ष बंशीधर बेहरा ने कहा कि बदलती जीवनशैली और शहरीकरण के कारण कई स्थानों पर गौवंश निराश्रित होकर सड़कों पर घूमते दिखाई देते हैं। ऐसे में गौवंश के संरक्षण, देखभाल, भोजन, उपचार और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था करना समाज और शासन दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। गौधाम की स्थापना से निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा, जहां उनके लिए चारा, पानी, चिकित्सा और देखभाल की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

- प्रत्येक विकासखंड में स्थापित होंगे गौधाम, आधारभूत सुविधाओं की होगी व्यवस्था




## दूसरी मंजिल का दरवाजा तोड़कर दुकान में चोरी दो आरोपी गिरफ्तार, 16 नग मोबाइल जब्त

**रायगढ़।** गोपी टॉकीज के सामने स्थित सेल स्पॉट मोबाइल शॉप में हुई 16 नग मोबाइल बरामद हो गई है। मुख्य आरोपी आकाश चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी लकेश्वर को भी गिरफ्तार किया गया है। शहर के गोपी टॉकीज के सामने स्थित सेल स्पॉट मोबाइल दुकान में 09 मार्च की रात चोरी की घटना सामने आई थी।

- 4 लाख के 16 नग आईफोन की शत-प्रतिशत बरामदगी

दुकान संचालक मोहम्मद फारुक निवासी लक्ष्मीपुर द्वारा पुलिस को दी गई सूचना के अनुसार वे रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह दुकान पहुंचे और शटर खोलकर अंदर गए तो शोकेस काउंटर में रखे मोबाइल फोन अस्त-व्यस्त मिले। जांच करने पर पता चला कि दुकान की दूसरी मंजिल के दरवाजे का लॉक तोड़कर अज्ञात चोर अंदर घुसा और ग्राउंड फ्लोर स्थित दुकान से 16 नग तथा काउंटर में रखी नकदी चोरी हो गया था। घटना की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। कोतवाली पुलिस और साइबर थाना की विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर उसकी तलाश तेज की गई। इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि संदेही मोबाइल का उपयोग कर रहा है, जिस पर साइबर टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर उसकी लोकेशन ट्रेस की गई। पुलिस टीम तत्काल रायपुर पहुंची और रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों पर आरोपी की तलाश शुरू की गई। इसी दौरान आरोपी ट्रेन में बैठकर रायगढ़ की ओर आ रहा था, जिसे चलती ट्रेन में ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान आकाश चौहान पिता मनोहर चौहान 19 निवासी ग्राम कलमी थाना कोतरारोड़ के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने सेल स्पॉट मोबाइल दुकान में चोरी करना स्वीकार किया तथा यह भी बताया कि उसने जनवरी में अपने साथियों के साथ बोईरदादर चौक स्थित साहा मोबाइल दुकान में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था।



## घरघोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई मासिक समीक्षा बैठक






**घरघोड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोडा में खण्ड चिकित्सा अधिकारी एसआर पैकरा की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विकास खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, क्षेत्र के सभी सेक्टर प्रभारी, सुपरवाइजर, नेत्र सहायक अधिकारी, कनिष्ठ सचिवीय सहायक, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, और मितानिन कार्यक्रम के ब्लॉक समन्वयक, प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा डॉ. पैकरा ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित योजनान्तर्गत सभी खतरे वाली गर्भवती महिलाओं को प्रति माह 09 एवं 24 तारीख को विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क सोनोग्राफी जाँच उपचार, जननी सुरक्षा योजना और आयुष्मान भारत, वय वंदन आभा कार्ड निर्माण की जमीनी स्तर पर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही इन योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। टीकाकरण अभियानरू नियमित टीकाकरण एवं शिशु संरक्षण माह 17 मार्च से प्रारंभ होने वाले अभियान के लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूरा करने पर चर्चा की गई। बीएमओ ने विशेष रूप से दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की ट्रैकिंग सुधारने के निर्देश दिए। संक्रामक रोगों पर नियंत्रण गर्मी के मौसम के आगमन को देखते हुए मौसमी बीमारियों, जैसे डायरिया और मलेरिया, की रोकथाम के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया। संस्थागत प्रसव में वृद्धि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने एनीमिया मुक्त भारत अभियान हेतु मैदानी अमले को निर्देशित किया गया।

### माँ बंजारी धाम में नवरात्र की तैयारी को लेकर बैठक

**तमनार।** प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम तराईमाल में बासंतिक चैत्र नवरात्र पर्व 71 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं का दायित्व के लिए तैयारी बैठक 14 मार्च को समिति सदस्य कार्यकर्ताओ औद्योगिक प्रतिनिधि, स्थानीय सेवको दानदाताओ की उपस्थिति में रखा गया। मां बंजारी धाम में बासंतिक चैत्र नवरात्र पर्व कार्यक्रम 18 मार्च कलश यात्रा, 19 मार्च नवरात्रि दीप प्रज्वलन प्रारम्भ, 27 मार्च को हवन पूजन कन्या भोज महाभण्डारा होगी। हर दिन प्रसाद वितरण के साथ दोपहर व आरती के बाद रात्रि भंडारा होगा। तहसीलदार रिचा सिंह ने कहा कि नवरात्र पर्व हेतु समिति सदस्य सेवकों श्रद्धा भक्तिभाव से समर्पित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।







